भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1778

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

माहे एवं पल्लूर को जोड़ने वाले पुल का चौड़ीकरण

1778. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि माहे को पल्लूर और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुल बहुत संकरा है और इससे यातायात को प्रायः खतरा उत्पन्न हो जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का विचार पुडुचेरी संघ राज्यक्षेत्र के उस क्षेत्र में माहे के बीच अन्य क्षेत्रों के साथ माहे के बीच एकमात्र संपर्क वाले इस संकीर्ण पुल को चौड़ा करने और पुनर्निर्माण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जी, नहीं। माहे और पल्लूर को जोड़ने वाला पुल बाईपास के निर्माण के कारण नई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 66 के परित्यक्त खंड पर स्थित है और इसे आगे के विकास और रखरखाव के लिए पहले ही संघ राज्य क्षेत्र सरकार को सौंप दिया गया है।

*****